तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 27 जून 2026



11 कछुआ चाल से चल रहा 46.97 करोड़ का मेघा सेतु निर्माण कार्य



12 अकीदत से मना मोहर्रम, कर्बला के शहीदों को किया याद



## खबर संक्षेप

### आज परसट्ठी में रंगमंच और सीसी रोड का लोकार्पण

**सिर्री।** ग्राम पंचायत परसट्ठी, धूमा, खर्रा, दर्रा में 27 जून को जनसंपर्क अभियान के तहत कुरूद विधायक अजय चंद्राकर का आगमन होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परसट्ठी में 4 लाख 10 हजार की लागत से बने रंगमंच भवन और 5 लाख 20 हजार की लागत से बने सीसी रोड का लोकार्पण विधायक द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी सरपंच ओमप्रकाश साहू ने दी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

**धमतरी।** भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पात्र विद्यार्थी 30 दिसंबर तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन करना आवश्यक होगा। नवीनीकरण के विद्यार्थियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून से 30 दिसंबर जबकि नवीन आवेदकों के लिए आवेदन की अवधि 1 अगस्त से 30 दिसंबर तक है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय ब्राम्हणपारा निवासी मनोज कुमार सोनी पिता भंवरलाल उम्र 59 वर्ष सुनार का काम करता था। उसकी पत्नी का 6-7 वर्ष पहले निधन हो गया था। उसके बाद से अधेड़ गुमशुम रहता था। गुरुवार को अधेड़ ने घर पर कीटनाशक दवाई का सेवन कर उल्टी की। जहरीली दुर्गंध आने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने उसे तत्काल निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान दोपहर बाद अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# किसानों को फायदा : कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृषि प्रधान धमतरी जिले में भंडारण सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और छत्तीसगढ़ राज्य भंडारण गृह निगम के सहयोग से जिले में 30 हजार मीट्रिक टन अतिरिक्त वैज्ञानिक भंडारण क्षमता विकसित की जा रही है। इसका उद्देश्य किसानों की उपज को सुरक्षित रखना, परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना तथा कृषि विपणन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है।

केंद्र सरकार की अनाज भंडारण योजना के तहत अंवरी, कोसमर्रा, पोटियाडीह-आमदी और कोलियारी की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में 2500-2500 मीट्रिक टन क्षमता के आधुनिक गोदाम बनाए जा रहे हैं। इन गोदामों के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र में ही 10 हजार मीट्रिक टन अतिरिक्त भंडारण सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं धमतरी और कुरूद में राज्य भंडारण गृह निगम द्वारा 10-10 हजार मीट्रिक टन क्षमता के दो बड़े गोदाम भी विकसित किए जा रहे हैं।

## जिले में 30 हजार मीट्रिक टन अतिरिक्त वैज्ञानिक भंडारण क्षमता विकसित

### राइस मिलर्स, व्यापारियों और किसानों को मिलेगा फायदा

नई भंडारण व्यवस्था से जिले के राइस मिलर्स, व्यापारियों और किसानों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। पर्याप्त गोदाम उपलब्ध होने से धान, चावल और अन्य कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण में सुविधा होगी, जिससे परिवहन लागत कम होगी और कृषि उपज का बेहतर प्रबंधन संभव हो सकेगा। इसके अलावा ब्रॉडगेज रेललाइन पर रैक संचालन शुरू होने की संभावनाओं से कृषि उत्पादों को प्रदेश और देश के अन्य बाजारों तक कम खर्च में पहुंचाना आसान होगा।



### भंडारण क्षमता में हो रहा विस्तार

यह जिले के कृषि और व्यापारिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे किसानों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, सहकारी संस्थाओं की कार्यक्षमता बढ़ेगी और स्थानीय उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी। आधुनिक वेयरहाउसिंग और बेहतर परिवहन व्यवस्था के साथ धमतरी आने वाले समय में कृषि आधारित व्यापार और लॉजिस्टिक्स के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।

### विद्या समीक्षा केन्द्र एप के माध्यम से शिक्षकों की लग रही है हाजिरी

# एआई से शिक्षकों की चेक इन चेक आउट की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्कूलों में शिक्षकों के आने और जाने के वास्तविक समय की निगरानी अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्लेटफार्म के माध्यम से शुरू हो गई है। विद्या समीक्षा केन्द्र (व्हीसके) एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एक डिजिटल कमांड और कंट्रोल सेंटर है जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विकसित किया गया है। इधर शिक्षक संघ व्हीएसके का विरोध कर रहा है। संघ का कहना है कि यह एप सुरक्षित नहीं है। इससे शिक्षकों की व्यक्तिगत जानकारी चोरी होने का डर है।

स्कूलों में शिक्षकों के समय पर आने- जाने को लेकर अक्सर शिकायतें मिलती रहती हैं। कुछ साल पहले शिक्षकों के अटेंडेंस को लेकर स्कूलों में बायोमेट्रिक मशीन का उपयोग किया गया लेकिन यह तरीका कुछ माह में असफल साबित हो गया। अब व्हीएसके एप के माध्यम से शिक्षकों की रियल टाइम की उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है।

शिक्षकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नये सत्र शुरू होने के साथ उनकी उपस्थिति का वास्तविक समय दर्ज करने व्हीएसके एप शिक्षकों के मोबाइल पर डाउनलोड कराया गया है जिसमें उनकी व्यक्तिगत जानकारी का डेटा अपलोड किया गया है। यह एप



स्कूल पहुंचने पर ही काम करता है। स्कूल पहुंचने पर एप स्टार्ट करने पर चेक इन का आप्शन आता है जिसे क्लिक करने पर उपस्थिति का समय दर्ज हो जाता है। वहीं स्कूल से जाने के समय एप स्टार्ट करने पर चेक आउट का आप्शन आता है। उसे क्लिक करने पर जाने का समय दर्ज हो जाता है और दिन में कुल कितने घंटे काम किए, इसका समय एप बता देता है। इस एप में दीक्षा मिड डे मिल जैसे विभिन्न शिक्षा पोर्टल के डेटा भी हैं लेकिन अभी इसका उपयोग नहीं हो रहा है। बताया गया कि एप में हाजिरी जून माह तक ट्रायल में है। जुलाई माह से अनिवार्य होगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अमित महोबे ने बताया कि व्हीएसके माध्यम से अटेंडेंस पिछले सत्र से शुरू किया गया था जिसके खिलाफ संघ ने कोर्ट का रूख किया था अब फिर से इस सत्र से इसे शुरू किया गया है। इससे ऑनलाइन उपस्थिति चेक इन, चेक आउट का समय दर्ज किया जा रहा है। इसमें शिक्षकों की व्यक्तिगत जानकारी अपलोड की जाती है। इससे निजी डाटा की चोरी होने का डर बना है। वनांचल तथ दूरस्थ स्कूलों में नेट तथा बिजली की समस्या से इसके संचालन में दिक्कतें आ रही हैं। एप्पल मोबाइल पर यह एप डाउनलोड नहीं हो रहा है। इसके बदले शिक्षा विभाग को अच्छी कंपनी का बायोमेट्रिक, टेबलेट या अन्य डिवाइस की व्यवस्था देनी चाहिए।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को दस साल की कैद

- जनवरी 2024 में बोराई बेरियर पर मारुति कार के साथ 53 किलो गांजा के साथ पकड़े गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मारूति कार में 53 किलो अवैध गांजा के साथ पकड़े गए दो अंतर्राज्यीय तस्करों को विशेष न्यायालय ने 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामला 9 जनवरी 2024 के थाना बोराई का है।

न्यायालीन सूत्रों के अनुसार मध्यप्रदेश के जिला सतना थाना रामपुर बघेलान वार्ड क्र. 15 गाजन निवासी तोषण विश्वकर्मा उर्फ राजा पिता शारदाप्रसाद विश्वकर्मा 32 वर्ष तथा रतहरी थाना सिविल लाइन रींवा मध्यप्रदेश निवासी विजय कुमार विश्वकर्मा पिता रामजी विश्वकर्मा उम्र 36 वर्ष 9 जनवरी 2024 की शाम 6.10 बजे ओडिशा की ओर से सिल्वर कलर की मारूति कार जेन एल एक्स क्रमांक एमपी 20 एफए 2513 में सवार होकर आ रहे थे। बोराई थाना के सामने बेरियर नाका में पुलिस को संदेह होने पर रोककर चेकिंग की गई। उक्त वाहन की डिक्की और बीच की सीट में तीन सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर मनोत्तेजक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 53 किग्रा गांजा, 2 मोबाइल तथा 1300 रुपए नकद जब्त किए गए। एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(B)(ii)(C) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया।

▶▶ शेष पेज 13 पर


# सालभर में आईपीएल सट्टा के दर्ज 8 केस में 16वीं गिरफ्तारी

- 30.98 लाख रूपये से अधिक संपत्ति जब्त
- बीते तीन वर्ष की तुलना में 2026 में सर्वाधिक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में आनलाइन आईपीएल सट्टा के विरूद्ध जिला पुलिस ने बीते तीन वर्ष की तुलना में वर्ष 2026 में सर्वाधिक व प्रभावी कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार इस वर्ष 24 जून तक में जिले में आनलाइन सट्टे के 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं जिसमें 16 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। कार्रवाई के दौरान कुल 30 लाख 98 हजार 800 रूपये



मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है जिसमें 15 मोबाइल फोन, 3 लग्जरी वाहन, 2 स्कूटी एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण शामिल है। जांच के दौरान पुलिस ने कुल 8 विभिन्न आनलाइन सट्टा वेबसाइट/एप्लीकेशन का पर्दाफाश किया है। जिले के रूद्री, सिटी कोतवाली एवं कुरूद थाना क्षेत्र में समन्वित कार्रवाई करते हुए इस नेटवर्क से जुड़े आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### डिजिटल अपराधियों तक पहुंची पुलिस

कुछ वर्ष पूर्व तक आनलाइन सट्टा ऐसा अपराध माना जाता था जो मोबाइल स्क्रीन और डिजिटल प्लेफार्म के पीछे छिपकर संचालित होता था। सट्टा संचालकों को विश्वास था कि तकनीक की आड़ उन्हें कानून की पकड़ से दूर रखेगी। किंतु धमतरी पुलिस ने इस धारणा को पूरी तरह से बदल दिया। थाना स्तर पर विकसित मुखबिर तंत्र, आईपीडीआर एवं सीडीआर का तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों की फारेंसिक जांच तथा डिजिटल साक्ष्यों के सूक्ष्म परीक्षण के माध्यम से पुलिस ने आनलाइन सट्टे के उस नेटवर्क को उजागर किया जो पहले आमतौर पर पकड़ से बाहर माना जाता था।

### सट्टा नेटवर्क की परतें खोली

पुलिस द्वारा आमातालाब रोड से लेकर रेलवे स्टेशन क्षेत्र और पीजी कालेज मैदान सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर की गई कार्रवाई ने सट्टा संचालकों के नेटवर्क की परतें खोलती चली गई। प्रत्येक गिरफ्तारी के साथ नई जानकारियां सामने आती गईं और सट्टे के संगठित तंत्र का खुलासा होता गया। प्रकरणों में संलिप्त शेष फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें लगातार कार्यरत हैं।

# घर घुसकर महिला एवं उसके परिवार पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- अर्जुनी पुलिस की त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आधी रात को घर में घुसकर महिला व उसके परिवार पर हमला कर तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपी को अर्जुनी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सेहराडबरी निवासी प्रीति साहू पति मनोज उम्र 34 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि बीते 23 जून की रात्रि लगभग 9 बजे उमेश साहू उसके घर गाड़ी मांगने आया



था। गाड़ी देने से मना करने पर आरोपी नाराज होकर वापस चला गया। उसके बाद 23 जून की देर रात्रि लगभग 12 बजे आरोपी देवेंद्र साहू, उमेश साहू उर्फ छोटू एवं प्रवेश मंडावी उर्फ प्रिंस पीड़ित महिला के घर जबरन प्रवेश कर गाली गलौज करते हुए पूरे परिवार को आतंकित करने लगे। आरोपियों ने पीड़िता व उसके पति मनोज एवं बेटी नीलिमा साहू के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी उमेश ने लाठी से हमला कर मनोज व नीलिमा को चोट पहुंचाई। इस दौरान आरोपियों ने घर के दरवाजे, खिड़कियां, बिजली मीटर, गमले, कुर्सी एवं मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ कर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।

इस घटना से परिवार में भय एवं दहशत का माहौल निर्मित हो गया। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 396, 115(2), 331(6), 351(3), 324(4), 3(5) बीएनएस के

▶▶ शेष पेज 13 पर

# बारना स्कूल में शिक्षकों की कमी, पढ़ाई हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षण सत्र शुरू होते ही शिक्षकों की कमी की शिकायत होने लगी है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बारना में शिक्षकों की कमी को दूर करने का मांग पत्र कलेक्टर को सौंपा है। वहीं चेतावनी भी दी गई है कि मांग पूरी नहीं होने पर स्कूल गेट में ताला जड़ा जाएगा।

सरपंच दीपक कुमार पटेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शासकीय माध्यमिक शाला बारना में कला संकाय का एक पद रिक्त है। वहीं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, सामाजिक विज्ञान एक-एक पद रिक्त है। विभिन्न संकायों में 6 पद रिक्त होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की है कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती शीघ्र की जाए। ज्ञापन में कहा है कि इन पदों पर शिक्षकों की भर्ती 10 दिनों के अंदर नहीं होने पर ग्रामीण एवं शाला विकास समिति स्कूल गेट में ताला लगाएंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



10 दिन में रिक्त पदों में भर्ती नहीं होने पर स्कूल गेट में ताला लगाने की चेतावनी

### तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत



**नगरी।** ग्राम सारंगपुरी में तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उमरगांव के आश्रित ग्राम सारंगपुरी निवासी देवलाल गंधर्व (50 वर्ष) पिता स्वर्गीय सुनाराम 25 जून को गांव के तालाब में नहाने गए थे। काफी देर तक उनके घर नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान 26 जून की सुबह उनकी लाश मिली। घटना की सूचना तत्काल सिहावा पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# स्कूटी से गिरकर महिला घायल

- दूसरी महिला बाल-बाल बची

**धमतरी।** शहर की ओर आ रही स्कूटी के ब्रेकर पर उछल जाने से सवार एक महिला घायल हो गई। वहीं दूसरी महिला घायल होने से बाल-बाल बच गई।



मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम लिमतरा निवासी गोदावरी साहू उम्र 40 वर्ष शुक्रवार को एक अन्य महिला के साथ स्कूटी में सवार होकर ग्राम शकरवारा से धमतरी की तरफ आ रही थी। इसी दौरान ब्रेकर में महिला ने स्कूटी की गति नियंत्रित नहीं कर पाई। स्कूटी ब्रेकर पर उछलकर गिर गई। इस घटना में स्कूटी सवार महिला गोदावरी घायल हो गई। वहीं सवार दूसरी महिला किसी तरह खुद को संभाल घायल होने से बच गई। सूचना पर डायल 112 रूद्री टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच वरदान परमार्थ सेवा समिति से संपर्क किया। जानकारी मिलते ही संस्था के शिवा प्रधान तत्काल घटनास्थल पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना में महिला के सिर पर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला की स्थिति ठीक बताई जा रही है।

## पेमेंट नहीं मिलने से बढ़ी किस्त पटाने की चिंता, खेती भी अटकी

# चना बेचकर बुरे फंसे कई किसान

**केस 1**

युवराज शर्मा ने 10 अप्रैल को समर्थन मूल्य पर चना बेचा था। आज ढाई माह बाद भी उसे पेमेंट नहीं मिला है। 30 जून को सहकारी समिति के कर्ज चुकाने की अंतिम तिथि है। ट्रैक्टर और थ्रेसर भी फाइनेंस पर है, जिसे जुलाई माह के पहले सप्ताह में चुकता करना है।

**केस 2**

चंद्रहास साहू ने अप्रैल माह में चना बेचा था। उसे भी भुगतान नहीं मिला है। स्थिति यह है कि ट्रैक्टर में डीजल डालने के लिए रुपए नहीं हैं। खेती करने के लिए सम्पत्ति गिरवी रखने की नौबत आ गई है। सोसायटी का कर्ज भी बचा हुआ है, जिसे पटाने के लिए कोई जुगाड़ नहीं है।

**केस 3**

रामकुंवर साहू देमार की किसान है। उसने दो माह पहले चना बेचा था, उसके खाते में भी राशि नहीं आई है। खाद, बीज और मजदूरी भुगतान के लिए काफी समस्या हो रही है। कई बार वे चना उपार्जन केंद्र का चक्कर लगा चुकी है, वहां से सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दो-ढाई माह बाद भी पेमेंट नहीं मिलने से किसान बर्बाद की राह पर है। ट्रैक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टर सहित अन्य मशीनों की किस्त का भी जुगाड़ नहीं हो पा रहा है। तीन से चार दिन में पेमेंट नहीं मिलता है तो ये मशीनें फाइनेंसर ले जाएंगे। किसानों को अलग से पेनाल्टी भी लगेगी ।

समर्थन मूल्य पर चना बेचकर कई किसान बुरे फंस गए हैं। कई किसान ऐसे हैं, जिनका आज दो-ढाई माह बाद पेमेंट नहीं आया है। ट्रैक्टर, थ्रेसर सहित अन्य मशीनें उन्होंने फाइनेंस में ले रखी हैं। पेमेंट नहीं मिलने से इन मशीन को फाइनेंसर ले जाने के लिए दबाव बना रहे हैं। समय पर वे



फाइल फोटो

किस्त नहीं पटा पा रहे हैं, जिसके चलते उन्हे अतिरिक्त शुल्क भी चुकाना पड़ेगा। यही नहीं किसानों ने चने की खेती के लिए जिला सहकारी बैंक से ऋण लिया था। ऋण चुकता करने की अंतिम तिथि 29 जून है। किसानों के पास ऋण चुकता करने लिए रूपए नहीं है। किसानों ने बताया कि सहकारी समितियों से उन्हें अल्पकालीन ब्याजमुक्त ऋण मिलता है। समय पर ऋण चुकता नहीं करने पर उन्हें ऋण लेने की तिथि से लेकर ऋण पटाने की तक राशि पर 16 प्रतिशत ब्याज देना होगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शाला प्रवेशोत्सव पर विद्यार्थियों को मिली पुस्तकें

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक शाला बटनहर्रा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हेमवती ठाकुर प्राध्यापक इतिहास विभाग बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय धमतरी रहीं। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण, पालक, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती भानाबाई सिन्हा



**मगरलोड।** ग्राम बेलरदोना निवासी श्रीमती भाना बाई सिन्हा उम्र 91 वर्ष का निधन 23 जून मंगलवार को हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिक गण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### गजाधर साहू



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोर्रा निवासी गजाधर साहू 75 वर्ष का 25 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम कोर्रा के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंत्येष्टि में सामाजिक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अपने पीछे पत्नी अनुसुईया साहू, पुत्र दिनेश कुमार साहू एवं भीषम कुमार साहू, पुत्रियां नर्मदा साहू, वेदवती साहू, दुलेशवरी साहू तथा तामिन साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

**आम सूचना/ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण विश्वजीत कृदत्त पिता स्व. चूड़ामणी, श्रीमति संयोगिता राजे छत्रपति (भोसले) पति श्री युवराज संभाजी राजे छत्रपति एवं श्रीमति अंजली राजे कृदत्त पति स्व. चुड़ामणी राव निवासीगण-सिनियर भोसले पैलेस नागपुर शहर तह. व जिला नागपुर (महाराष्ट्र), वर्तमान निवास-चूड़ामणी राव साहेब कृदत्त बाड़ा मराठापारा धमतरी के निवासी हैं। मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अकलाडोंगरी, प.ह.नं. 50 रा.नि.मं. रूद्री तह. व जिला धमतरी में स्थित है। इसके अतिरिक्त धमतरी शहर एवं अन्य जिले में भी परिवर्तित भूमि मेरे पक्षकारगण के नाम पर है तथा मेरे पक्षकारगण नागपुर (महाराष्ट्र) में निवासरत होने के कारण ग्राम अकलाडोंगरी में स्थित संपत्ति के संबंध अपने पुत्र एवं भाई के रिश्ते में दिग्विजय सिंह कृदत्त पिता स्व. चुडामणी निवासी मराठापारा धमतरी को उपरोक्त भूमियों के संबंध में नोटरी के माध्यम से अपंजीकृत आम मुख्तियारनामा दिनांक 15.07.2024 को उसके पक्ष में आम मुख्तियारनामा निष्पादित किया था। जिसके तहत सभी भूमियों के उचित व्यवस्थापन एवं वर्णित संपत्ति के बाबत् न्यायालयों में उपस्थित होकर कार्यवाही में भाग लेने हेतु आम मुख्तियारनामा निष्पादित किया था, किन्तु संपत्ति विक्रय करने के लिये मुख्तियारनामा निष्पादित नहीं किया था लेकिन मुख्तियार पाने वाले दिग्विजय सिंह कृदत्त द्वारा मुख्तियारनामा में वर्णित संपत्तियों को अन्य लोगों के पास विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है और आम मुख्तियारनामा में दिये गये अधिकार का दुरूपयोग कर मेरे पक्षकारगण के स्वत्व की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से विक्रय के प्रयास में है। इसलिये मेरे पक्षकारगण द्वारा दिग्विजय सिंह कृदत्त के पक्ष में किये गये आम मुख्तियारनामा दिनांक 15.07.2024 को रद्द कर रहे है। इसी प्रकार मेरे पक्षकारगण के नाम के संपत्ति के संबंध में दिग्विजय सिंह कृदत्त से उपरोक्त भूमियों के बाबत् किसी भी प्रकार से कोई सौदा क्रय-विक्रय रहन-गिरवी एवं लेन-देन से संबंधित कोई भी संव्यवहार ना करे तथा धमतरी जिले के अलावा अन्य जिलों में स्थित मेरे पक्षकारगण के स्वत्व की भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के द्वारा आम मुख्तियार या खास मुख्तियार बनाया गया होगा तो उसे भी मेरे पक्षकारगण रद्द करते है। और यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति, संस्था या अन्य आम लोगों द्वारा मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व एवं नाम के संपत्ति बाबत् क्रय-विक्रय अथवा अन्य संव्यवहार करते हैं तो वह अवैध होगा इसमें मेरे पक्षकारगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकारगण की भूमि से संबंधित कोई भी जानकारी चाहे तो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर संपर्क कर सकते हैं।

सो यह आम सूचना मेरे पक्षकारगण की ओर से आम मुख्तियारनामा दिग्विजय सिंह कृदत्त के पक्ष में किया गया था और इनके अलावा अन्य कोई व्यक्ति के नाम से आम मुख्तियारनामा या खास-मुख्तियारनामा बनाया गया हो उसे भी मेरे पक्षकारगण द्वारा निरस्त किया जा रहा है, तथा भविष्य में कोई भी संव्यवहार दिग्विजय सिंह कृदत्त से और अन्य कोई व्यक्ति से ना किया जावें।

स्थान-धमतरी
दिनांक-26/06/2026

सूचनाकर्ता
शंकर देवांगन (अधिवक्ता)
निवास-शोभाराम देवांगन हायर सेकेण्डरी स्कूल के सामने, रामपुर वार्ड धमतरी
जिला-धमतरी (छ.ग.) मो-99261-43202

# जनसंपर्क अभियान : विकास योजनाओं और आदर्श पंचायत पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

## अंवरी पहुंचे पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर, ग्रामीणों ने किया स्वागत




जनसंपर्क अभियान के तहत पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर अंवरी पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए अजय चन्द्राकार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश और देश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर किसानों का सम्मान किया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के तहत पात्र परिवारों को निःशुल्क गैस चूल्हा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों के लिए पक्के मकानों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने नल-जल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि हर घर तक पेयजल पहुंचाने का कार्य जारी है।

श्री चन्द्राकर ने पंचायत सचिव से गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी और गलियों की नियमित सफाई कराकर पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने का आह्वान किया। आगामी बजट में सोनपुर से सिलीडीही तक पक्की सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। डीजल-पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि तथा खाद आपूर्ति की समस्या का कारण उन्होंने इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष को बताया। इस अवसर पर जिला सभापति कुलेश्वरी गायकवाड़, जनपद सदस्य, सरपंच हितेंद्रनाथ मंडल, रामस्वरूप साहू, आनंद यदु, कमता साहू, थानेश्वर तारक, लेखराम, फलेन्द्र, लोकेश साहू, पुष्पेंद्र, सुनील गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नगरी में निःशुल्क सहायक उपकरण शिविर, 163 हितग्राहियों ने कराया पंजीयन

# दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन धमतरी एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), भारत सरकार के सहयोग से गुरुवार को जनपद पंचायत नगरी में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंजीयन, चिन्हांकन एवं मापन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक पहुंचे और आवश्यक सहायक उपकरणों के लिए पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण तथा मापन कराया।

शिविर में कुल 163 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 60 पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन एवं मापन किया गया। आवश्यकता के अनुसार उन्हें श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, वॉकर सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। जिला चिकित्सालय से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण कर 6 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी जारी किए।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा चार श्रवण यंत्र तथा दो दृष्टिबाधित हितग्राहियों को श्वेत छड़ी वितरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदगण, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समग्र शिक्षा विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत नशा मुक्त समाज निर्माण की शपथ भी दिलाई गई। शिविर के आयोजन में दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति जिला धमतरी के संस्थापक बसंत कुमार बिश्नोई, घनश्याम साहू, डेरहा राम साहू, बसंत कुमार विशनोई सहित समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समग्र शिक्षा विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। हितग्राहियों को शासन की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

## पात्र के भर जाने पर नल के स्वतः बंद होने, बोरी की आयु बढ़ाने हुक फंसाने वाली रस्सी मॉडल का होगा प्रदर्शन

- इंस्पायर अवार्ड मानक योजना : जिले के दो विद्यार्थी जापान में दिखायेंगे अपना हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद




इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत जिले के दो विद्यार्थियों का चयन अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी सकुरा जापान के लिए हुआ है। शासकीय माध्यमिक शाला देवरी की छात्रा सुनैना और कुरूद विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला कोसमर्रा की छात्रा समीक्षा ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर जिले को गौरवान्वित किया है।

दोनों विद्यार्थी 25 जून को धमतरी से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी 27 जून को नई दिल्ली से सकुरा साइंस हाईस्कूल प्रोग्राम ऑफ जापान के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी में शामिल होने के बाद 4 जुलाई को वापस नई दिल्ली लौटेंगे। प्रदर्शनी में सुनैना द्वारा अनाज की बर्बादी रोकने और बोरी की आयु बढ़ाने से संबंधित हुक फंसाने वाली नाड़ीनुमा रस्सी का मॉडल प्रस्तुत किया जाएगा। समीक्षा द्वारा पात्र में पानी भर जाने पर नल के स्वतः बंद हो जाने की तकनीक पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किया जाएगा। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला नोडल अधिकारी इंस्पायर अवार्ड धमतरी देवेश सूर्यवंशी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मना



**नगरी।** गोंडवाना समाज सरईटोला द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमनाथ नेताम, विशेष अतिथि प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य, वेदप्रकाश मांडवी अध्यक्ष राजेश मरकाम, पोखन नेताम, गोरेलाल वटी, सुनाराम सलाम, कुंवरसिंग मरकाम, रूपराय नेताम, उमेश कुमार, घासीराम नेताम युवा अध्यक्ष एवं सुरेंद्र शोरी रहे।

अतिथियों एवं समाजजनों ने वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रमोद कुंजाम ने कहा कि रानी दुर्गावती साहस, स्वाभिमान, त्याग और मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष की अद्वितीय प्रतीक हैं। उनका जीवन समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के जीवन संघर्ष, वीरता एवं बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को स्मरण किया। समाजजनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज की एकता एवं विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

## पहले ही दिन उमड़ी ग्रामीणों और व्यापारियों की भीड़




पोड़ागांव में साप्ताहिक गुरुवार हाट बाजार का शुभारंभ

**नगरी।** ग्राम पंचायत पोड़ागांव (घटुला) में गुरुवार को ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साप्ताहिक हाट बाजार का शुभारंभ किया गया। पहले ही दिन क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में व्यापारी पहुंचे और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बिक्री की।

हाट बाजार में ग्रामीणों ने अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप खाद्य सामग्री, सब्जियां, कृषि उपयोगी सामान तथा अन्य दैनिक जरूरतों की वस्तुओं की खरीदारी की। बाजार प्रारंभ होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा स्थानीय स्तर पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध होने से लोगों ने इसे सुविधाजनक पहल बताया। ग्राम विकास समिति पोड़ागांव ने जानकारी दी कि अब प्रत्येक गुरुवार को नियमित रूप से साप्ताहिक हाट बाजार का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच सुषमा नाग, नत्थेराम सूर्याकर, ओमप्रकाश नाग, सखाराम नाग, टीकाराम, श्रीराम यादव, देवदत्त, प्रकाश सूर्यवंशी, हुलास सूर्याकर, प्रहलाद पुजारी, हिमाचल मरकाम व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भुसरेंगा स्कूल में शाला प्रबंधन समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)



शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा पाठ से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती ललिता ने की। इस दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालय के समग्र विकास तथा समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। 15 से 20 सदस्यों का चयन किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ठाकुर राम साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती पायल साहू चुने गए। सदस्यों को समिति के अधिकार, कर्तव्य और एवं विद्यालय विकास में उनकी भूमिका की जानकारी प्रदान की गई। अतिथियों ने कहा कि समिति के गठन में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, बच्चों की नियमित उपस्थिति, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को नई दिशा मिलेगी। विद्यालय का विकास तभी संभव है, जब समाज और विद्यालय मिलकर शिक्षा का दीप प्रज्ज्वलित करें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती देववती ध्रुव शिक्षिका व आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख उत्तरा कुमार कोसरिया ने किया।

मौके पर शिक्षाविद विजय कुमार साहू, अनुज राम साहू, उर्वशी निर्मलकार, भागवत निर्मलकार, हुलेश पटेल, इन्द्र कुमार यादव, शीतल पटेल, त्रिलोक साहू, रानी साहू, महेश्वरी यादव, दुर्गा पटेल, टिकेश्वरी ध्रुव, ललिता ध्रुव, दीपेश्वरी, भारती निर्मलकर, यशोदा ध्रुव, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक यूके कोसरिया, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक कुलेश्वर साहू, शिक्षक लोमस कुमार साहू, यामिनी देवांगन, गीता साहू, देवबती ध्रुव, केशरी दादर मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### प्रतीक और गुंजन का हुआ स्वागत




- कन्या प्राथमिक शाला आमदी में शाला प्रवेश मनाया गया

**आमदी(धमतरी)।** कन्या प्राथमिक शाला आमदी में शाला प्रवेश उत्सव के साथ नवीन प्रबंधन समिति का गठन किया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगा कर, मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया। बच्चों को गणवेश, पुस्तक एवं कॉपी वितरित की गई। विगत वर्ष कक्षा पांचवीं की परीक्षा में प्रथम रहे प्रतीक साहू एवं गुंजन ढीमर 89.50 प्रतिशत एवं द्वितीय रहे जान्हवी ढीमर एवं तृतीय उर्वशी साहू को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ललिता पटेल एवं उपाध्यक्ष पोषण साहू एवं सदस्यों का स्वागत किया और प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष बुधराम कोसरिया एवं उपाध्यक्ष सरोज साहू एवं सदस्यों को विदाई दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति साहू नपं अध्यक्ष आमदी थीं। अध्यक्षता ललिता पटेल पार्षद ने की। विशिष्ट अतिथि तेजराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष नपं आमदी, प्रधानपाठक तृप्ति रानी मांडवी, सूर्यकांत वीके, कीर्ति बारले एवं पालकगण उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं को पुस्तकें बांटी गई



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला कन्हारपुरी में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया। सुरजीत मेश्राम ने पहली से पांचवीं तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को इनाम दिया। कार्यक्रम में हाईस्कूल कन्हारपुरी के प्राचार्य देवकुमार साहू, पूर्व प्राचार्य कन्हारपुरी कामताराम साहू, पूर्व सरपंच पार्वती सिन्हा, प्रधानपाठक सती साहू, शिक्षक मोनिका देवांगन, उत्तमलाल सिरदार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लखनलाल दीवान, सदस्य कृपाराम साहू, शिवकुमार कंवर, टेमिन कंवर, खिलेश्वरी कंवर, चित्रलेखा कंवर सहित पालकगण उपस्थित थे।

### बच्चों का मुंह मीठा कराकर किया स्वागत



- शासकीय प्रा.शा. बांधापारा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला बांधापारा नगरी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अलका साव सभापत नगर पंचायत नगरी रहीं। अपने उद्बोधन में अलका साव ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी शिक्षा में सहयोग करने का आग्रह किया। संस्था प्रमुख कैलाश सोन ने कहा कि आपके छोटे-छोटे कदम आज विद्यालय के द्वार पर पड़े हैं, लेकिन ये कदम आने वाले कल की नींव रखेंगे। विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं है, बल्कि वह पावन स्थल है जहां आप ज्ञान की रोशनी पाएंगे, दोस्ती के रंग बिखेरेंगे, सपनों को पर लगाएंगे और अपने व्यक्तित्व को निखारेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को स्नेहपूर्वक न्योता भोज कराया गया। विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया। बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह था। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका किरणलता, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राघवेन्द्र साहू, शिक्षाविद हुकुमचंद नाग, मानकी विश्वकर्मा, रेणुका निषाद, ललिता नेताम, खिरभान बिसेन, कमला नेताम, ईश्वरी समुंद समेत अन्य उपस्थित थे।

### कुणाल का भारतीय नौसेना में चयन

**अंवरी।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र कुणाल निर्मलकर का चयन भारतीय नौसेना के मेडिकल ब्रांच में हुआ है।




कुणाल ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और अनुशासित तैयारी के बल पर यह सफलता प्राप्त कर पूरे महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. श्रीमती मंजू झा ने कहा कि कुणाल की यह सफलता महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक बहुत बड़ी प्रेरणा है। भारतीय नौसेना जैसे प्रतिष्ठित बल में देश सेवा के लिए चुना जाना बेहद गर्व की बात है। कॉलेज परिवार का कहना है कि कुणाल शुरू से ही एक अनुशासित और मेधावी छात्र रहे हैं और उनकी इस सफलता ने संस्था के गौरव इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। कुणाल जोरातराई के रहने वाले हैं। पिता मिस्त्री कार्य करते हैं। कुणाल की इस उपलब्धि से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है।

## ग्रामीणों ने दी सम्मानपूर्वक विदाई

# सुपेला के दो युवाओं का अग्निवीर में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद





जिले के ग्राम सुपेला के दो युवाओं ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता हासिल करते हुए अग्निवीर योजना के तहत चयन प्राप्त किया है। दोनों युवाओं के चयन से गांव में खुशी का माहौल है और ग्रामीणों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है।

ग्राम सुपेला थाना भखारा क्षेत्र निवासी साहिल देवांगन पिता चन्द्रप्रकाश देवांगन और सागर कुमार पिता निरंजन साहू का चयन अग्निवीर के रूप में हुआ है। दोनों युवा अब देश सेवा के लिए अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। युवाओं की इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सरपंच चेतन देवांगन सहित ग्रामवासियों ने दोनों युवाओं को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

ग्रामीणों ने कहा कि सेना में सेवा का अवसर मिलना गर्व की बात है। गांव के युवाओं द्वारा इस तरह की उपलब्धि हासिल करना अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि साहिल और सागर अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाकर गांव एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### कबीर पंथी समाज 29 को निकालेगा शोभायात्रा



**घाटलोहंगा।** कबीर पंथी समाज मटनार पनकापारा आयोजक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने आज बस्तर विधायक एवं विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर उन्हें 29 जून को आयोजित होने वाले 628वें सद्गुरु कबीर साहेब प्राणोत्सव एवं शोभायात्रा में मुख्य रूप से शामिल होने निमंत्रण पत्र भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताया कि कबीर साहेब प्राणोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में कलश यात्रा, शोभायात्रा, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में कबीर पंथी समाज सहित क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल होंगे। सदस्यों ने विधायक से कार्यक्रम में उपस्थित होकर समाज को अपना आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन देने का आग्रह कियाद्ध इस अवसर पर विधायक ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजक समिति का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि संत कबीर साहेब के विचार समाज में समानता, भाईचारा, प्रेम और मानवता का संदेश देते हैं ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को दस साल ...

न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट धमतरी के पीठासीन अधिकारी मोहनसिंह कोर्राम ने तमाम सबूत और गवाहों के बयान के बाद 23 जून 2026 को फैसले में अभियुक्त तोषण विश्वकर्मा एवं विजयकुमार विश्वकर्मा को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध के लिए दस वर्ष के सश्रम कारावास तथा एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा दी है। अर्थदंड की अदायगी में चूक होने पर 10 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास से दण्डित किया गया है। अपराध में प्रयुक्त वाहन के स्वामी द्वारा वैध दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर उसका निराकरण विधि अनुसार किया जाएगा। अन्यथा वाहन को राजसात कर नीलामी के माध्यम से राशि राजकोष में जमा करने का फैसला दिया है। इस मामले में राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक सीएस राजपूत ने पैरवी की है।

### घर घुसकर महिला एवं उसके परिवार पर ...

तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। जांच के दौरान घटना में आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी उमेश साहू उर्फ छोटू पिता लखीराम उम्र 22 वर्ष, देवेंद्र साहू पिता जगेश्वर उम्र 22 वर्ष एवं प्रवेश मंडावी उर्फ प्रिंस पिता कुंदन 18 वर्ष तीनों ग्राम सेहराडबरी थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया

# कोसमर्रा स्कूल में शिक्षा, संस्कार और उत्साह का दिखा अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तकें प्रदान कर तिलक लगाकर, गुलदस्ता भेंट कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष खेमेश्वर राव वाकडे, विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच ओम प्रकाश साहू, शिक्षाविद् भगवानी राम शांडिल्य रहे। अध्यक्षता प्राचार्य दोमन लाल साहू ने की।

छात्रों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। शिक्षा सामाजिक, विकसित राष्ट्र की नींव रखती है। आज के विद्यार्थी कल के जिम्मेदार नागरिक और देश के भविष्य हैं। प्राचार्य डीएल साहू, व्याख्याता सीआर साहू ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि यह बच्चों के व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य निर्माण का माध्यम है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित अनुशासित और आधुनिक तकनीक से युक्त शिक्षा वातावरण प्रदान करना है ताकि वे ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात कर सके।

इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं बल्कि बच्चों के सपनों को आकार देने संस्कारों को संवारने और उज्जवल भविष्य की नींव रखने का सशक्त केंद्र है।


इस अवसर पर बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र गुरु, वासुदेव सोनबेर, सीमा सोनी, नरेश कुमार, रविंद्र बंधे, मानसिंह जांगड़े, किरण मनहर, अनिल साहू, हरिश्चंद्र सिंह नेताम समेत अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल साहू एवं आभार व्यक्त बालकृष्ण साहू ने किया।

**शाला प्रवेशोत्सव पर बच्चों का पुस्तक बांटकर किया स्वागत**



### बारिश में फिर बढ़ेंगी जनता की मुश्किलें, एप्रोच मार्ग में जगह-जगह गहरे गड्ढे

# कछुआ चाल से चल रहा 46.97 करोड़ का मेघा सेतु निर्माण कार्य







हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मेघा महानदी में सेतु निर्माण का कार्य 8 जनवरी 2025 से प्रारंभ हुआ था। 46 करोड़ 97 लाख 67000 रुपये की लागत से सेतु निर्माण कार्य कछुआ चाल से चल रहा है। ब्लॉक मुख्यालय सहित महासमुंद, गरियाबंद, नगरी सिहावा, ओडिशा, रायपुर, धमतरी, कुरूद जैसे अनेक बड़े शहरों को जोड़ने वाला व्यस्ततम मार्ग मेघा महानदी ब्रिज है।

ठेकेदार द्वारा नाममात्र के मजदूर एवं संसाधन की कमी की वजह से सेतु निर्माण कार्य में तेजी नहीं आ रही है जिससे क्षेत्र की जनता को इस वर्ष भी बारिश में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

#### एप्रोच मार्ग बारिश के पूर्व बंद होने की कगार पर

मेघा महानदी में सेतु निर्माण कार्य चल रहा है। ठेकेदार द्वारा कच्चा एप्रोच मार्ग बनाया गया है। बरसात के पूर्व एप्रोच मार्ग में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं जिसकी मरम्मत ठेकेदार द्वारा आज तक नहीं की गई है। एप्रोच मार्ग को सिर्फ कच्ची मिट्टी से बना दिया गया है। हल्की बारिश में भी पूरा मार्ग कीचड़युक्त हो जाता है।

#### 12 किमी का सफर हुआ 40 किमी

मेघा महानदी सेतु निर्माण के कछुआ चाल के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानी होगी। मेघा से कुरूद की दूरी मात्र 12 किमी है किंतु मार्ग टूटने से लोगों को 40 किमी दूर का सफर करना पड़ेगा। मेघा से खैरझिटी मधुबन मार्ग होते हुए करेली बड़ी नई मार्ग से आना जाना पड़ेगा जिसकी दूरी लगभग 40 किमी है।

#### मजबूत वैकल्पिक मार्ग बनाने ठेकेदार गंभीर नहीं

महानदी सेतु निर्माण के पूर्व जनता के आवागमन हेतु मजबूत वैकल्पिक मार्ग बनाने अनुबंध में स्पष्ट रूप से उल्लेख होने के बावजूद शासन के नियम कानून का खुलेआम उल्लंघन कर घटिया लचर वैकल्पिक मार्ग निर्माण कर महज औपचारिकता पूरी की गई है। मजबूत वैकल्पिक मार्ग बनाने ठेकेदार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई है जिससे क्षेत्रवासियों में काफी आक्रोश है।

#### सब होंगे परेशान

वैकल्पिक मार्ग बारिश के मौसम में टूटने की कगार पर है। आमजनता की सुविधा, परेशानी से ठेकेदार को कोई सरोकार नहीं है। ठेकेदार द्वारा जर्जर कीचड़युक्त वैकल्पिक मार्ग की आज तक मरम्मत नहीं की गई है। प्रथम बरसात में ही सड़क मार्ग टूटने से आवागमन अवरुद्ध हो जाएगा। क्षेत्र के किसानों को रबी फसल की धान की बिक्री सहित खाद दवा की खरीदी करने कुरूद आने-जाने में 3 गुना से अधिक खर्च का भार पड़ेगा। छात्र-छात्राओं को कालेज आईटीआई, पालीटेक्निक शिक्षा ग्रहण करने के लिए धमतरी कुरूद, रायपुर आने जाने में परेशानी होगी।

# परसट्टी में घास भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

- 15 ग्रामीणों ने लगभग 5 एकड़ में कर लिया था कब्जा

ग्राम पंचायत परसट्टी (संकरी) में 15 ग्रामीणों द्वारा लगभग 5 एकड़ में कब्जा की गई घासभूमि को पंचायत द्वारा हटाया गया। सरपंच ओमप्रकाश साहू ने बताया कि गांव में अनेक ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर उसे पोल, तार जाली से घेरा किया गया था। सरपंच, पंचगण और सचिव की उपस्थिति में पंचायत में मीटिंग कर अतिक्रमण हटाने प्रस्ताव किया गया। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को कब्जा हटाने पंचायत द्वारा नोटिस भी दिया गया लेकिन नोटिस के बाद भी कब्जाधारियों के हौसले बुलंद रहे। परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत ने पंचगण, ग्राम प्रमुख एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में घासभूमि पर किए गए कब्जाधारियों से कब्जा हटाया और जगह सुरक्षित किया। अतिक्रमण हटाने के दौरान उपसरपंच ममता साहू, पंचगण दीपक कुमार, अजीत कुमार, तामेश्वर, गोपीचंद, कुमारीबाई, मोनिका साहू, ललिता तारक, मनीषा साहू, गणेश्वरी साहू सहित ग्रामीण वामनदेव साहू, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, संतोष साहू, चंद्रहास साहू, त्रिलोचन साहू, खेमन साहू, बालाराम साहू उपस्थित थे।

#### अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी : सरपंच

सरपंच ओमप्रकाश ने बताया कि 15 ग्रामीणों ने लगभग 5 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण कर लिया था। लगातार एक सप्ताह से कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा रही है और भूमि सुरक्षित की जा रही है। सरपंच ने बताया कि भविष्य में किसी ग्रामीण द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।



### पोटियाडीह में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने मंगलवार को ग्राम पोटियाडीह में नवनिर्मित सार्वजनिक शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सार्वजनिक शेड के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद विधायक श्री साहू ने वीरांगना रानी दुर्गावती के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने दुर्गावती चौक धमतरी में आयोजित समारोह में पहुंचकर रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके अद्वितीय शौर्य, त्याग और बलिदान को नमन किया। ग्राम डोमा एवं ग्राम करेठा में आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम में भी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की अमर वीरांगना हैं, जिनका जीवन साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। समाज को रानी दुर्गावती के आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षा, एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

# रेनबो इंग्लिश मिडियम स्कूल में विद्यार्थियों का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

रेनबो इंग्लिश मिडियम स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उत्साह एवं उल्लास के साथ हुई। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विशेष तैयारियां की गई थीं। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया गया। प्रथम दिवस को यादगार बनाने के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

विद्यालय के संचालक पारखदास मानिकपुरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करना है। नए सत्र में अनेक नवाचारों एवं गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सीखने को और अधिक आनंददायक बनाया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### डीजी ट्रेनिंग अकादमी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास शिविर का आयोजन सुबह 6 बजे किया गया। जिसमें अकादमी के संस्थापक व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया एवं आसान, प्राणायाम, योगनिद्रा का अभ्यास शिविर में योगाभ्यास कराया गया।

## अंचल की खबरें

### मौरीखुर्द में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मना



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला मौरीखुर्द में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति द्वारा बच्चों को खीर पूड़ी बांटी गई। मौके पर शाला प्रबंधक समिति के पदाधिकारी सहित पालकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### छाती स्कूल में मनाया गया योग दिवस



**पुरी(धमतरी)।** स्व. भूपालमणि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छाती में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शाला विकास समिति राजेश चंद्राकर, शाला प्रमुख सीडी रात्रे, डॉ संतराम साहू आयुर्वेद हॉस्पिटल छाती, शिव चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, खुलेश चंद्राकर, मोनार्क चंद्राकर, अंबालिका साहू, सेवकराम खरे, दयालाल साहू, विनयप्रकाश साहू, अनीश कुमार साहू, त्रिलोचन कंवर समेत बड़ी संख्या में शिक्षकगण व बच्चे मौजूद रहे।

### स्कूल को एल्युमिनी समूह ने वाटर कूलर भेंट किया



**भखारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागतराई में एल्युमिनी समूह के सत्र 1991 के पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा वर्तमान छात्र-छात्राओं के उपयोगार्थ विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया गया। प्राचार्य श्रीमती पी. साहू ने भेंट स्वीकार कर पूर्व छात्रों को हमेशा विद्यालय से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया। एल्युमिनी प्रभारी केएल साहू ने पौधरोपण किया। मौके पर पूर्व छात्र झुम्मनलाल, पंकज प्रकाश, ललितनारायण, मेघसिंग, रामस्वरूप, नीलकुमार, गोंविद, तारेंद्र, पोखराज, बीरेंद्र व समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मना



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 14 में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भखारा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामकृष्ण नेताम ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का यह बलिदान दिवस हर साल 23 जून को मनाया जाता है। यह दिन भारतीय जनसंघ के संस्थापक की राष्ट्र के प्रति सेवाओं और जम्मू कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर नगर पंचायत भखारा के भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी : आशा



**धमतरी।** मकेश्वर वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमती आशा लोधी रहीं। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई। वार्ड पार्षद आशा लोधी ने अपने उद्बोधन में पालकों से बच्चों को नियमित शाला भेजने की अपील की और कहा कि शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी है। मकेश्वर वार्ड का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। ये हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। मौके पर माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक लीलाराम नेताम, प्राथमिक शाला की प्रधानाचार्य श्रीमती मोनिका, श्रीमती चंद्रावती सिन्हा, अध्यक्ष नीतू ध्रुव, रामेश्वरी मानिकपुरी, उपाध्यक्ष सत्यभामा ध्रुव, उर्मिला एवं सदस्य अजय नेताम, सातो बाई, रामबाई, जामबाई, मंजू विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### भारत मां की सेवा सबसे बड़ी सेवा : वाधवानी



**धमतरी।** थल सेना भर्ती के लिए रवाना हो रहे फलेश सिन्हा (बठेना वार्ड) एवं डेविड नेताम (गट्टासिल्ली) के अग्निवीर में चयन होने पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी ने दोनों युवाओं का श्रीफल एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां के युवा बड़ी संख्या में सेना भर्ती में शामिल होकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भारत माता की सेवा और देश की रक्षा का अवसर सौभाग्यशाली लोगों को मिलता है तथा सरहद पर विपरीत परिस्थितियों में मोर्चा संभालने वाले सैनिकों को पूरा देश सलाम करता है। वार्डवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उन्हें प्रशिक्षण के लिए विदाई दी। इस दौरान वार्ड पार्षद भारती साहू, जीवनलाल सिन्हा, सुशील, सेवकराम धुरुव, ज्ञानचंद सिन्हा, चंदन रजक, हेमंत सिन्हा, अमर सिन्हा, शंकर माखीजा, अभिषेक गोयल, हेमंत यादव, गोलू पटेल, धन्नू पटेल, ईश्वरी बाई, उमा बाई, जयंती बाई, गणेश राम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।



# शहर की प्रमुख सड़कों पर ओवरलोड वाहनों से बढ़ा हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर की प्रमुख सड़कों पर ओवरलोड वाहनों का संचालन लगातार चिंता का विषय बनता जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि सिहावा रोड, बस्तर रोड, रुद्री रोड, विंध्यवासिनी मार्ग, रायपुर रोड सहित कई प्रमुख मार्गों पर भारी माल से लदे वाहन तेज और अनियंत्रित गति से गुजरते हैं। ओवरलोड होने के कारण कई वाहन सड़क पर लहराते हुए चलते हैं, जिससे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों में हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार ऐसे वाहन सामने आते ही दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को अपनी गाड़ी सड़क किनारे रोकनी पड़ती है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। लोगों ने यातायात पुलिस और प्रशासन से नियमित जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

नागरिकों का कहना है कि यातायात विभाग को नियमित रूप से ओवरलोड वाहनों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुर्माना और अन्य वैधानिक कार्रवाई करनी चाहिए। वाहन मालिकों और चालकों को क्षमता से अधिक माल परिवहन नहीं करने की सख्त हिदायत दी जानी चाहिए।

## सिहावा, बस्तर, रुद्री और रायपुर रोड पर सबसे अधिक परेशानी



### जनसुरक्षा के लिए जरूरी है नियमित जांच और सख्ती

शहरी नागरिक सियाराम खापर्डे, त्रिलोक शर्मा, गुलशन साहू, मनोज विश्वकर्मा और श्यामलाल भैरव सहित अन्य लोगों ने बताया कि पुलिस प्रशासन की सख्ती के बावजूद कई वाहन चालक क्षमता से अधिक माल लादकर शहर की सड़कों पर बेखौफ आवाजाही कर रहे हैं। ओवरलोड होने के कारण वाहन असंतुलित होकर चलते हैं और कई बार उनमें बंधा रस्सा ढीला पड़ने से बोरी, निर्माण सामग्री अथवा अन्य सामान सड़क पर गिर जाता है। इससे पीछे चल रहे वाहनों के लिए दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों से हर साल आयकर रिटर्न भरने का आग्रह



**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने प्रदेश के सभी पेंशनरों से हर वर्ष आयकर रिटर्न (आईटीआर) अनिवार्य रूप से दाखिल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से आईटीआर भरने वाले पेंशनर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 166 के तहत वार्षिक आय के आधार पर परिवार को अधिक मुआवजा मिलने का दावा मजबूत हो सकता है। उन्होंने बताया कि कई पेंशनरों के खातों से टीडीएस कट जाता है, जबकि उनकी आय कर योग्य नहीं होती। ऐसे में आईटीआर दाखिल कर टीडीएस रिफंड प्राप्त किया जा सकता है। श्री देवान ने पेंशनरों से अपने सामान्य बचत खाते को पेंशन खाते में बदलवाने की भी अपील की, ताकि बैंक की विशेष सुविधाओं और बीमा सुरक्षा का लाभ मिल सके। उन्होंने पेंशनरों से अपने हितों की सुरक्षा के लिए नियमित रूप से आईटीआर दाखिल करने और बैंक संबंधी आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी करने का आग्रह किया।

### भानु सहित पांच लोग बने एल्डरमैन



■ विधायक प्रतिनिधि की भूमिका को मिली मजबूती

**कुरुद।** नगर पालिका परिषद कुरूद में लंबे इंतजार के बाद एल्डरमैनों की नियुक्ति कर दी गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी सूची में कुरूद नगर पालिका के लिए पांच नामों की घोषणा की गई है। इनमें भानु चंद्राकर सहित पांच लोगों को एल्डरमैन मनोनीत किया गया है। जारी सूची के अनुसार नगर पालिका परिषद कुरूद में चंद्रकुमार चंद्राकर (नंदू), खिलेश्वर देवांगन, खिलावन यादव, भानु चंद्राकर और महावीर साहू को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें भानु पहले से ही नगर पालिका में विधायक प्रतिनिधि की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और नगर पालिका की अधिकांश बैठकों में सक्रिय रूप से शामिल होते रहे हैं। अब एल्डरमैन नियुक्त होने के बाद उनकी भूमिका को संवैधानिक तौर पर और मजबूती मिली है। राजनीतिक नजरिये से देखें तो कुरूद नगर पालिका में हुई इन नियुक्तियों को स्थानीय स्तर पर सक्रिय नेताओं और संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं को महत्व दिए जाने के रूप में देखा जा रहा है। एल्डरमैन के रूप में अब ये सभी नगर पालिका की बैठकों में शामिल होकर शहर के विकास, जनहित और स्थानीय समस्याओं से जुड़े विषयों पर अपनी राय रख सकेंगे। हालांकि इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि कई कार्यकर्ता एल्डरमैन बनाये जाने की अपेक्षा पाले हुए थे लेकिन उनके नाम नहीं आने पर उन्हें निराशा हाथ लगी है।

### बच्चों को तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश

**तोंगपाल।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव पोटाकेबिन तोंगपाल में आयोजन किया गया। बच्चों के स्वागत के लिए स्कूल में हर्षोल्लास का माहौल था। सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया व नए गणवेश, कॉपी-किताब वितरित किया गया।

### शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी छात्रों का हुआ स्वागत

**सुकमा।** विकासखंड कोंटा अंतर्गत संकुल केंद्र जगरगुंडा, सिलगेर, मिसिगुड़ा, मिलमपल्ली एवं बंजेपल्ली में मंगलवार को जगरगुंडा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्रों का पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं टीका लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के महत्व के प्रति प्रेरित किया गया। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

### जामा मस्जिद में 10 दिनों तक तकरीर का हुआ आयोजन

# अकीदत के साथ मना मोहर्रम कर्बला के शहीदों को किया याद

■ चमेली चौक में लंगर-शरबत का वितरण, मांगी गई अमन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मोहर्रम का पर्व मुस्लिम समाज ने अकीदत और एहतराम के साथ मनाया। इस मौके पर जामा मस्जिद धमतरी में 10 दिनों तक तकरीर का सिलसिला चला, जिसमें आलिमों ने कर्बला के वाकये को बयान किया। तकरीर में बताया गया कि किस तरह हजरत इमाम हुसैन ने यजीद के जुल्म के आगे न झुकते हुए अपने और 72 साथियों की कुर्बानी देकर इस्लाम और इंसानियत को बचा लिया। तकरीर के 9वें दिन हजरत सलमान रजा ने खिताब करते हुए फरमाया कि कर्बला की जंग हक और बातिल की जंग थी। एक तरफ हक की राह पर चलने वाले हजरत इमाम हुसैन और उनका काफिला था, तो दूसरी तरफ बुराई और जुल्म का प्रतीक यजीद का पूरा लश्कर था। इमाम हुसैन ने भूख-प्यास, जुल्मों सितम और अपनों की शहादत को सहकर भी हक की राह नहीं छोड़ी। उन्होंने अपने पूरे खानदान और साथियों की कुर्बानी पेश कर दुनिया को यह पैगाम दिया कि सच कभी भी जुल्म के आगे घुटने नहीं टेकता है।

हजरत सलमान रजा ने कहा कि इमाम हुसैन ने कर्बला के माध्यम से पूरी इंसानियत को मोहब्बत, सब्र और कुर्बानी का पैगाम दिया है। उन्होंने इस्लाम को बचाने के लिए शहादत दी। मोहर्रम के मौके पर इमाम हुसैन की याद में शहर में जगह-जगह लंगर और शरबत का वितरण किया गया। चमेली चौक में मुस्लिम समाज के युवाओं ने दोपहर में राहगीरों को शरबत पिलाया और शाम को लंगर वितरण किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद अहमद सोहराब गोरी एवं हाजी अब्दुल रशीद खत्री ने बताया कि कर्बला का पैगाम नफरत नहीं, बल्कि मोहब्बत और इंसानियत है। कार्यक्रम के अंत में मुल्क की तरक्की, आपसी मोहब्बत और अमन-चैन के लिए विशेष दुआ की गई। 10 दिनों तक चली तकरीर में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश किया।

## विद्युत उपभोक्ता जागरूकता विषय पर हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम रायपुर (ग्रामीण) द्वारा लोहरसी विश्रामगृह के सभाकक्ष में विद्युत उपभोक्ता जागरुकता पर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष अशोक खण्डेलवाल थे।

उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण के विद्युत उपभोक्ताओं एवं विद्युत विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों को विद्युत संबंधी विभिन्न सेवायें प्रदान करने एक निश्चित समय का निर्धारण एवं उनके उल्लघंन पर क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में संभागीय कार्यालय धमतरी के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी, धमतरी जोन धमतरी ग्रामीण अर्जुनी उपसंभाग के समस्त सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता के साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता उपस्थित थे।

## एल्डरमेन नियुक्ति को लेकर विभिन्न समाजों ने जताई नाराजगी, भाजपा ने कहा-सभी को मिलेगा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि विभिन्न समाजों की सक्रियता और भूमिका को ध्यान में रखकर नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि केवल आठ एल्डरमेन नियुक्त किए जाने थे, इसलिए सभी समाज को प्रतिनिधित्व देना संभव नहीं हो सका। जो समाज इस बार शामिल नहीं हो पाए हैं, उनकी भरपाई भविष्य में अन्य दायित्वों के माध्यम से की जाएगी और किसी समाज को निराश नहीं किया जाएगा।

नगर निगम में एल्डरमेन की नियुक्ति के बाद जिले के कई समाज ने प्रतिनिधित्व को लेकर नाराजगी जताई है। आदिवासी, साहू, सतनामी और जैन समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में उनके समाज को अपेक्षित स्थान नहीं मिलने से लोगों में निराशा है। उन्होंने भविष्य में राजनीतिक एवं प्रशासनिक नियुक्तियों में सभी वर्ग को संतुलित प्रतिनिधित्व देने की मांग की है।

गोंड समाज के जिला कोषाध्यक्ष शिव नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज लंबे समय से सामाजिक और जनहित के कार्यों में सक्रिय है, लेकिन एल्डरमेन की सूची में समाज के किसी प्रतिनिधि को स्थान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सभी समाज की भागीदारी से ही विश्वास और समरसता मजबूत होगी।

जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष गणेश साहू ने कहा कि धमतरी नगर निगम और नगर पंचायत नगरी में पर्याप्त जनसंख्या और सामाजिक सक्रियता के बावजूद साहू समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। हालांकि उन्होंने कुरूद, मगरलोड, भखारा और आमदी में समाज को मिले प्रतिनिधित्व का स्वागत करते हुए भविष्य में उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की।

एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष नमन बंजारे ने सतनामी समाज की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पहले एमआईसी और अब एल्डरमेन नियुक्ति में भी समाज को स्थान नहीं मिला। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और सम्मान का विषय बताते हुए भविष्य में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की। सकल जैन समाज धमतरी के अध्यक्ष आकाश जैन ने भी एल्डरमेन नियुक्ति में जैन समाज की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को उसके योगदान के अनुरूप सम्मान और भागीदारी मिलनी चाहिए।

## रानी दुर्गावती के शौर्य, त्याग और बलिदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ब्लॉक मुख्यालय नगरी में बुधवार को गढ़मंडला की महान वीरांगना, अदम्य साहस और स्वाभिमान की प्रतीक रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाजजनों ने वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य, त्याग और बलिदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जंगलपारा स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। जनप्रतिनिधियों और समाजजनों ने प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं नगरवासी शहीद स्मारक पहुंचे। सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने समाज भवन के विकास एवं आवश्यक सुविधाओं को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के समक्ष विभिन्न मांगें रखीं। भवन परिसर में शौचालय निर्माण, बाउंड्री वॉल तथा पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बोर खनन की मांग की गई। अध्यक्ष ने समाज की इन मांगों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने कहा कि जनसेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है और वे नगर के प्रत्येक नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर हैं।

पूर्व विधायक लक्ष्मी धुव ने रानी दुर्गावती के जीवन संघर्ष, उनकी वीरता, दूरदर्शिता और मातृभूमि की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

समाज के वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकता, शिक्षा, संस्कृति संरक्षण और समाज के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

मौके पर सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष उमेश देव, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, सामाजिक पदाधिकारी आरएल देव, जनपद सदस्य शशि ध्रुव, भानेंद ठाकुर,

ध्रुव गोंड समाज तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव, गोंडवाना समाज तहसील अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव, हृदय नाग अध्यक्ष हल्बा समाज नगरी, सुरेश ध्रुव, भांवत ध्रुव, नरेश छेदैहा, माखनलाल ध्रुव, नेमीचंद देव, पुष्पादेवी मण्डावी, फूलेश्वरी नेताम, उदय मरकाम, समेलाल सलाम, पार्षद अश्वनी निषाद, शंकरदेव सहित समाजजन उपस्थित थे।

## मन की बात कार्यक्रम समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर नवगठित प्रदेश स्तरीय समिति की बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश दिए गए व आगामी 28 जून को 135वां एपिसोड सभी बूथों में श्रवण करने पर दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी प्रीतेश गांधी एवं प्रदेश सदस्य सुश्री मणिभास्कर गुप्ता, भूपेंद्र नाग, अंकित जायसवाल, प्रखर मिश्रा, नितेश मिश्रा, राजू महंत प्रदेश सदस्य उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

## अंचल की खबरें

### डॉ. रमन सिंह से उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा



**नगरी।** भाजपाइयों ने छग के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से रायपुर में उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। सिहावा विधानसभा क्षेत्र के उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, कविन्द्र जैन, महेंद्र खंडेलवाल, बीथिका विश्वास उपस्थित थे।

### 5 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी



■ निगम कर्मचारियों ने उपायुक्त पीसी सार्वा को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नगर पालिक निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में 13 जुलाई से नया रायपुर (तूता) में प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होने के संबंध में उपायुक्त पीसी सार्वा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग करते हुए आंदोलन में सहभागिता की जानकारी दी। इस दौरान मो. शेरखान, मंगलू निर्मलकर, संजय गुप्ता, कामताप्रसाद चौबे, सुनील सालुंके, गिरधर साहू, सनद, पुरुषोत्तम प्रजापति, खिलेश्वर साहू, इशाक खान, पवन देवांगन, दीपक पांडे, आलोक तिवारी, सन्नी वाल्मीकि, हेमंत यादव, छबि प्रजापति, खिलावन रजक, छबि प्रधान, कन्हैया, होरी लाल, सरिता सोना, कंचन किरण सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस संबंध में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मो. शेरखान एवं अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर ने बताया कि मांगों के निराकरण नहीं होने पर कर्मचारी 13 जुलाई से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होंगे।

### छात्रों को सही करियर चुनने मिले व्यावहारिक टिप्स



**धमतरी।** मराठापारा स्थित पायनियर फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन में करियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में कक्षा 10वीं, 12वीं और स्नातक स्तर के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और करियर विशेषज्ञ मनीष कुमार यादव ने छात्रों को भविष्य में सही करियर चुनने के व्यावहारिक टिप्स दिए। उन्होंने बदलते समय में नए अवसरों को पहचानने और अपनी रुचि के अनुसार सही विषय का चयन करने पर विशेष जोर दिया। विषय विशेषज्ञ चंद्रेश श्रीवास्तव ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की समीक्षा की। उन्होंने छात्रों को सरकारी व निजी क्षेत्रों की परीक्षाओं की तैयारी की रणनीतियों और समय प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन करीना साहू द्वारा किया गया। सेमिनार में योगेश श्रीवास्तव, राकेश साहू, शेषनारायण साहू, राधिका पटेल, आरती यादव, रेशमा और सुमन का विशेष योगदान रहा।

### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर



■ सिलौटी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**धमतरी।** ग्राम सिलौटी में हायर सेकेंडरी, प्राथमिक, माध्यमिक व ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास रासेयो प्रभारी संतोष जैन व योग प्रशिक्षक संतोष ध्रुव के मार्गदर्शन में शिथिलीकरण के व्यायाम, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगसत्र में भाग लिया तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुलार सिन्हा ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग शरीर को स्वस्थ रखता है तथा तनाव के प्रबंधन में व मानसिक शांति प्रदान करता है। प्राचार्य एमके ठाकुर ने कहा कि योग हमारी अनियमित जीवन शैली के प्रबंधन में सहायक है तथा जीवन के सभी पहलुओं के साथ सामंजस्य बिठाता है। इस अवसर पर सभी शिक्षक स्टॉफ, गणमान्य नागरिक, पंचायत प्रतिनिधि व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।